# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला–भीलवाड़ा

**पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)**

प्रकरण संख्या 100/2025

**उनवान**

1. बंशी पुत्र श्री एकलिंग नाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
2. लहरू पुत्र श्री एकलिंग नाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)
3. शंकर पुत्र श्री एकलिंग नाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा (राज.)

––प्रार्थीगगण

**बनाम**

1. रामचन्द्र पुत्र श्री गोपी लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
2. भंवर लाल पुत्र श्री गोपी लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
3. लालाराम पुत्र श्री श्री मांगी लाल गाडरी नि0 माण्डल तह0 माण्डल जिला भीलवाडा(राज)(डिलीट)
4. रामचन्द्र पुत्र श्री भगवती लाल कलाल नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
5. कालू पुत्र श्री जगू नाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
6. पिंकी पुत्री श्री प्रभु लाल कलाल नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)(डिलीट)
7. जमनी पत्नी श्री शंकर नाई नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
8. ओमप्रकाश पुत्र श्री भगवती लाल कलाल नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
9. रामेश्वर लाल पुत्र श्री भैरू लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
10. देवी लाल पुत्र श्री भैरू लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
11. डालू लाल पुत्र देवा लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
12. लादू लाल पुत्र श्री हजारी जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
13. भवंर लाल पुत्र श्री गोपी जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
14. क्मला पुत्री श्री हजारी जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
15. जगदीश पुत्र श्री जोधा जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
16. तुलसीराम पुत्र श्री जोधा जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)(डिलीट)
17. नारायण पुत्र गोपी जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
18. भगवान पुत्र श्री गंगाराम जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
19. भंवर लाल पुत्र श्री नन्दा जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
20. लदू लाल पुत्र श्री हजारी जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
21. शंकर पुत्र श्री नन्दा जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
22. रामप्रसाद पुत्र श्री गोपी लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
23. रामेश्वर पुत्र श्री गोपी लाल जाट नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज0)
24. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

–––अप्रार्थीगण

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

**निर्णय दिनांक 15–07–2025**

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूँ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 19.05.2025 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम बरडौद पटवार हल्का बरडौद भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बरडोद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) की खाता संख्या 236 की आराजी नम्बर 61 रकबा 0.4300 हैक्टयर, आराजी नम्बर 62 रकबा 0.1517 हैक्टयर, आराजी नम्बर 63 रकबा 0.2276 हैक्टयर, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 20.05.2025 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01,02, व 04 से 06 व 08 व 16 व 18 से 23 विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। विपक्षी संख्या 03,07,17 अदम तामील प्राप्त। इस पर अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा नियम सुनवाई पर उपस्थित होकर विपक्षी संख्या 03,07,17 के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही चाहने का कथन रखते हुए ओदशिका पर अंकित किया गया । प्रार्थी का निवेदन स्वीकार कर प्रा.पत्र में विपक्षी कम 03,07,17 का नाम डिलीट/विलोपित करने की आज्ञा पारित की जाती है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का

अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

**—::आदेश::—**

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम बरडौद पटवार हल्का बरडौद भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र बरडोद तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा (राज०) की खाता संख्या 236 की आराजी नम्बर 61 रकबा 0.4300 हैक्टयर, आराजी नम्बर 62 रकबा 0.1517 हैक्टयर, आराजी नम्बर 63 रकबा 0.2276 हैक्टयर, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा मौका कमिश्नर फीस 1000/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें। आदेश आज दिनांक 15.07.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़ (राज.)